इवीएम वेयर हाउस और वीवीपैट गोदाम का डीएम ने लिया जायजा

प्रतिनिधि ▷ औरंगाबाद शहर

डीएम सौरभ जोरवाल ने डीडीसी अंशुल कुमार के साथ सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस और वीपीपैट गोदाम का निरीक्षण किया. प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित निर्माणाधीन वीवीपैट गोदाम व ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए डीएस ने कई आवश्यक निर्देश दिये. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल समेत भवन प्रमंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे. प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पांच करोड़ रुपये की लागत से वीपीपैट गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है. वहीं ईवीएम वेयर हाउस में मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है. डीएम ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए संपर्क पथ, शौचालय समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. ईवीएम गोदाम का निरीक्षण करते हुए वहां की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई समेत मरक्कत कार्य का अवलोकन किया. डीएम ने गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया. साथ ही कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मानकों का पालन व ख्याल रखते हुए कार्य करें, ताकि बाद में किसी तरह की कोई परेशानी न हो.

निरीक्षण करते डीएम व डीडीसी.

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तंत्र सक्रिय: इस साल विधानसभा चुनाव होना है. इसको लेकर प्रशासनिक तंत्र सक्रिय हो गया है. वैसे संभावना है कि लगभग एक से डेढ़ महीने बाद विधानसभा चुनाव से संबंधित प्रक्रिया विशेष तौर पर शुरू होगी. हालांकि जिला निर्वाचन शाखा अपने स्तर से चुनाव की तैयारी में जुटा है और इस दिशा में कार्य भी कर रहा है. अब एक-डेढ़ महीने बाद निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष दिशा-निर्देश दिये जाने के बाद चुनाव की तैयारियों की रफ्तार को बढ़ा दी जायेगी.

निर्वाचन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देना है जरूरी

दाउदनगर . अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने अनुमंडल कार्यालय सभाकक्ष में ओबरा एवं गोह विधानसभा क्षेत्र के हाई स्कूलों, मध्य विद्यालयों एवं इंटर स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के साथ बैठक करते हुये कहा कि निर्वाचन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी होनी चाहिये. 14 वर्ष से21 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं को यह जानकारी होनी चाहिये कि निर्वाचन क्या होता है . मतदाता बनने के लिये न्यूनतम उम्र क्या होनी चाहिये .हर महीने में कम से कम दो से तीन क्लास होना चाहिये .इस मौके पर बालिका इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ . सत्येंद्र कुमार राय ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमुआंवा के प्रधानाध्यापक डॉ . मधेश्वर प्रसाद सिंह ,कमलेश कुमार सिंह, रामनरेश सिंह, रामनरेश सिंह, राम नारायण सिंह शामिल रहे .

प्रभात खबर
Tue, 03 March 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/49592242